प्री बोर्ड परीक्षा 2023-24

कक्षा - बारहवीं

विषय - हिंदी

समय -3 घंटे | पूर्णांक - 80

सामान्य निर्देश:

1. इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं - खण्ड (अ) और खण्ड (ब) । खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय और खण्ड (ब) में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।
2. खण्ड (अ) में कुल 8 प्रश्नो के 40 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गये हैं।
3. खण्ड (ब) में कुल 8 प्रश्न हैं । निर्देशानुसार विकल्पो क ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नो के उत्तर देना अनिवार्य है ।
4. प्रश्न पत्र के दोनो खण्डो में प्रश्नो कि कुल संख्या 16 है।
5. प्रश्नो के उत्तर लिखते समय क्रम संख्या अवश्य लिखें ।
6. सभी प्रश्नो के उत्तर क्रमानुसार एवं अंकानुसार लिखें ।

**खण्ड- (अ)**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

**प्रश्न** 1. निम्नलिखित अपठित गंद्याश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5x1=5

'साहित्य का आधार जीवन है'। इसी आधार पर साहित्य की दीवार खड़ी है। उसकी अटारिया, मीनार और मकान बने हुए हैं, लेकिन बुनियाद मिट्टी के नीचे दबी पड़ी है। जीवन परमात्मा की सृष्टि है, इसलिए सुबोध है, सुगम है और मर्यादाओं से परिमित है। जीवन परमात्मा को अपने कामों का जवाबदेह है या नहीं, हमें मालूम नहीं, लेकिन साहित्य मनुष्य के सामने जवाबदेह है। इसके लिए कानून है, जिनसे वह इधर-उधर नहीं जा सकता। मनुष्य जीवन पर्यंत आनन्द की खोज में लगा रहता है। किसी को यह रत्न द्रव्य के रूप मिलता है, किसी को भरे-पूरे परिवार में, किसी को लंबे-चौड़े भवन में, किसी को ऐश्वर्य में, लेकिन साहित्य का आनन्द इस आनन्द से ऊँचा है। इसका आधार सुन्दर और सत्य है। वास्तव में सच्चा आनन्द सुन्दर और सत्य से मिलता है, उसी आनंद को दर्शाना, वही आनन्द उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है।

(i) साहित्य और जीवन में गहरा संबंध है क्योंकि-

(क) जीवन का मुख्य आधार साहित्य है | (ख) साहित्य जीवन की मजबूत दीवार है
(ग) साहित्य का आधार जीवन है | (घ) साहित्य का आनन्द जीवन से ऊँचा है

(ii) मनुष्य किसकी खोज में जीवन भर लगा रहता है?

(क) परमात्मा की | (ख) आनन्द की
(ग) साहित्य की | (घ) ऐश्वर्य को पाने की

(iiii) साहित्य के आनन्द का आधार है-

(क) सुन्दर और सत्य को पाना | (ख) जीवन
(ग) रत्न और ऐश्वर्य पाना | (घ) परमात्मा

(iv) परिमिति का अर्थ है-

(क) सीमित | (ख) दबा हुआ
(ग) विस्तृत | (ख) फंसा हुआ



Downloaded from www.cclchapter.com

(v) साहित्य किसके सामने जवाबदेह है।

(क) परमात्मा के (ख) जीवन के

(ग) मनुष्य के (घ) परिवार के

प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर इस पर अधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5x1=5

हर किरण, तेरी संदेश वाहिका
पवन, गीत तेरे गाता
तेरे चरणों को छूने को
लालायित हिमगिरि का माथा!
तुझसे ही सूर्य प्रकाशित है
आलोक सृष्टि में तेरा है,
संपूर्ण सृष्टि का रोम-रोम
चिर ऋणी, उपासक तेरा है!
अगणित आकाश गंगाएँ
नन्हीं बूंदे तेरे आगे
तू आदि-अंत से मुक्त
काल- अस्तित्व हीन तेरे आगे!
हे जगत् नियंता, जगत-पिता,
है व्याप तेरा कितना ईश्वर,
तेरे चरणों में नतमस्तक,
कितनी धरती, कितने अंबर !

(i) ईश्वर के चरण चूमने के लिए कौन लालायित रहता है?

(क) पहाड़ (ख) नदियाँ

(ग) दरिया (घ) हिमगिरी

(ii) किसका रोम-रोम तेरा चिर ऋणी है?

(क) छोटी सृष्टि (ख) बड़ी सृष्टि

(ग) कम सृष्टि (घ) संपूर्ण सृष्टि

(iii) जगत-पिता किसे कहा गया है?

(क) ईश्वर (ख) आज

(ग) संसार (घ) समाज

(iv) सत्य कथन पर सही का चिंह्न लगाइए -

(क) ईश्वर के चरणों में धरती अंबर नतमस्तक हैं।

(ख) ईश्वर के चरणों में अंबर और हवा नतमस्तक हैं।

(ग) ईश्वर के चरणों में धरती और आग नतमस्तक हैं।

(घ) ईश्वर के चरणों में आग और हवा नतमस्तक हैं।

(v) 'संपूर्ण सृष्टि का 'रोम-रोम' में कौन सा अंलकार है?

(क) अनुप्रास (ख) यमक

(ग) श्लेष (घ) पुनरुक्ति

Downloaded from www.cclchapter.com

प्रश्न 3. काव्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5X1=5

(i) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के कवि है-

(क) रघुवीर सिंह (ख) हरिवंशराय बच्चन

(ग) मुक्तिबोध (घ) रघुवीर सहाय

(ii) सीधी बात भी किसके चक्कर में फँस गई?

(क) बुद्धि के (ख) स्वरों के

(ग) भाषा के (घ) ताल के

(iii) निराला ने 'जीर्ण बाहु' किसे कहा है?

(क) रोगी को (ख) वृद्ध को

(ग) कृषक को (घ) बालक को

(iv) बगुलों का कौन-सा सौंदर्य अपने आकर्षण में बांध रहा है?

(क) कायारूपी सौंदर्य (ख) पंक्तिबद्ध सौंदर्य

(ग) रूप रूपी सौंदर्य (घ) माया रूपी सौंदर्य

(v) उषा कविता में उषा का जादू किससे से टूटने की बात कही गई है?

(क) लाल केसर से (ख) भोर के नभ से

(ग) सूर्योदय से (घ) उपर्युक्त सभी से

प्रश्न 4. गद्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5x1=5

(i) शिरीष का वृक्ष कहाँ से अपना रस खींचता है?

(क) पानी से (ख) वायुमण्डल से

(ग) बांध से (घ) मिट्टी से

(ii) बाज़ार दर्शन पाठ के लेखक कौन है?

(क) फणीश्वर नाथ रेणु (ख) जैनेन्द्र कुमार,

(ग) धर्मवीर भारती (घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(iii) लेखक बचपन में किस सभा का उपमंत्री था?

(क) समाज-सुधार (ख) देवा निर्माण

(ग) नव निर्माण (घ) कुमार-सुधार

(iv) लेखक ने काल्पनिक जगत की वस्तु किसे कहा है?

(क) राजनीति को (ख) सिद्धान्त को

(ग) समता को (घ) जातिवाद को

(v) भक्तिन का विवाह किस उम्र में हुआ था?

(क) पाँच वर्ष (ख) सात वर्ष

(ग) चार वर्ष (घ) आठ वर्ष

प्रश्न–5 वितान भाग-2 पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5x1=5

(i) यशोधर बाबु दफ्तर में किस पद पर थे?

(क) डायरेक्टर (ख) सेक्शन ऑफिसर

(ग) मैनेजर (घ) डिप्टी मैनेजर



Downloaded from www.cclchapter.com

(ii) आनंदा (लेखक) दत्ताजी राम से मिलने क्यों गया?

(क) सांग -सब्जी देने (ख) खाना देने

(ग) अपनी पढ़ाई की बात करने (घ) वैसे ही मिलने चला गया

(iii) लेखक के दादा अपना कोल्हू सारे गाँव में सबसे पहले क्यों चलाते थे?

(क) काम, जल्दी समाप्त करने के लिए (ख) दूसरी फसल के लिए

(ग) गुड़ की ज्यादा कीमत के लिए (घ) खेत में पानी देने के लिए

(iv) सिंधु घाटी में व्यापार व खेती कैसी थी?

(क) निम्न (ख) मध्यम

(ग) उन्नत (घ) इनमें से कोई नहीं

(v) मुअनजो-दड़ो की सभ्यता और संस्कृति किसकी शोभा बढ़ा रहे है?

(क) लाहौर की (ख) अजायबघर की

(ग) दिल्ली की (घ) लंदन की

प्रश्न 6. अभिव्यक्ति एवं माध्यम पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5X1 = 5

(i) भारत में इंटनेट पत्रकारिता करने वाली पहली वेबसाइट है-

(क) रीडिक गटकॉम (ख) सीबी

(ग) इंडिया इंमोलाइन (घ) तहलका डॉटकॉम

(ii) भारत में पहला छापखाना कहाँ पर स्थापित हुआ था?

(क) बम्बई में (ख) गोवा में

(ग) कलकता में (घ) गुजरात में

(iii) समाचार लेखन के कितने ककार होते है?

(क) चार (ख) पाँच

(ग) दो (घ) छः

(iv) रेडियो कैसा माध्यम है?

(क) दृश्य (ख) श्रव्य

(ग) दृश्य व श्रव्य (ध) इनमें से कोई नहीं

(v) विशेषीकृत रिपोर्टिंग करने वाला रिपोर्टर क्या कहलाता है?

(क) विशेष संवाददाता (ख) संपादकीय

(ग) वेतनभोगी पत्रकार (घ) संवाददाता

प्रश्न 7. व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5x1=5

(i) 'अत्याचार' का संधि-विच्छेद है-

(क) अन्य + चार (ख) अति + आचार

(ग) भं + चार (घ) अति + उचार

(ii) 'पीतांबर' में कौन-सा समास है?

(क) अव्ययीभाव (ख) द्वंद्व समास

(ग) बहुव्रीहि समास (घ) तत्पुरुष समास

(iii) निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चुनाव कीजिए ।

(क) उस बच्चे को दृष्टि लग गई है। (ख) उस बच्चे को नज़र लग गई है।

(ग) दृष्टि लग गई है उस बच्चे को ! (घ) नज़र उस बच्चे को लग गई है।



Downloaded from www.cclchapter.com

(iv) आज तुमने नया पोशाक पहनी है। इस वाक्य में क्या दोष है?

(क) क्रिया संबंधी (ख) लिंग संबंधी

(ग) वचन संबंधी (घ) सर्वनाम संबंधी

(v) निम्नलिखित में कॉलम (अ) व कॉलम (ब) के शब्दों का उनके समास से मिलान कीजिए -

| कॉलम-अ | कॉलम-ब |
|---|---|
| 1. बेकाम | (i) द्विगु समास |
| 2. करकमल | (ii) द्वंद्व समास |
| 3. चौराहा | (iii) कर्मधारय समास |
| 4. माता-पिता | (iv) अव्यीयभाव समास |

(क) 1. (iv), 2. (iii), 3. (i), 4. (ii) (ख) 1. (iii), 2. (i), 3. (iv), 4. (ii)

(ग) 1. (ii), 2. (iv), 3. (i), 4. (iii) (घ) 1. (ii), 2. (i), 3. (iv), 4. (iii)

प्रश्न 8. नैतिक-शिक्षा पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5x1=5

(i) शिकार करते समय राजा का कौन-सा अंग कट गया?

(क) अंगुली (ख) अंगूठा

(ग) हाथ (घ) पैर

(ii) गीता में किसका अद्भुत संगम है?

(क) ज्ञान (ख) कर्म

(ग) उपासना (घ) उपर्युक्त सभी

(iii) महात्मा बुद्ध के पिता का क्या नाम था?

(क) सिद्धार्थ (क) शुद्घोधन

(ग) गौतम (घ) बोधि

(iv) भाग्य पर ही निर्भर रहने वाली मछली का क्या नाम था?

(क) प्रत्युत्पन्नमति (ख) यद अविष्य

(ग) अनागत विधाता (घ) वसुन्धरा

(V) अब्दुल हमीद को मरणोपरांत किस पद से सम्मानित किया गया?

(क) पद्मभूषण से (ख) भारत रत्न से

(ग) पद्मश्री से (घ) परमवीर चक्र से

## खंड - ब

## वर्णानात्मक प्रश्न

प्रश्न 9. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

आंगन में लिए चाँद के टुकड़े को खड़ी
हाथों पे झुलाती है उसे गोद- भरी
रह-रह के हवा में जो लोका देती है
गूंज उठती है खिलखिलाते बच्चे की हँसी

अथवा

Downloaded from www.cclchapter.com

निम्नलिखित पंद्याश को पढ़कर सम्बंधित प्रश्नों के उचित उत्तर दीजिए-

बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीड़ों से झांक रहे होंगे -
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता कितनी चंचलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

प्रश्न (i) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) बच्चे किस आशा से नीड़ों से बाहर झांक रहे होगे ?

(ii) चिड़ियों के घोंसलों से किस दृश्य की कल्पना की गई है?

(iii) चिड़ियों के पंखों में चंचलता क्यों उत्पन्न हो जाती है?

(vi) चिड़ियों को क्यों लगता है कि दिन जल्दी-जल्दी ढल रहा है?

प्रश्न 10. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 5

भक्तिन और मेरे बीच में सेवक - स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है: क्योंकि ऐसा कोई स्वामी, नहीं हो सकता, जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटा न सके और ऐसा कोई सेवक भी नहीं सुना गया, जो स्वानी के चले जाने का आदेश पाकर अवज्ञा से हँस दे। भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है, जितना अपने घर में बारी-बारी से आने-जाने वाले अँधेरे-उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना । वे जिस प्रकार एक अस्तित्व रखते है, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख-दुख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए हैं।

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सम्बंधित प्रश्नों के उचित उत्तर दीजिए-

लुट्टन के माता-पिता उसे नौ वर्ष की उम्र में ही अनाथ बनाकर चल बसे थे। सौभाग्यवंश शादी हो चुकी थी, वरना वह भी माँ-बाप का अनुसरण करता । विधवा सास ने पाल-पोस कर बड़ा किया। बचपन में वह गाय चराता, धारोष्ण दूध पीता और कसरत किया करता था। गाँव के लोग उसकी सास को तरह-तरह की तकलीफ दिया करते थे; लुट्टन के सिर पर कसरत की धुन लोगों से बदला लेने के लिए ही सवार हुई थी। नियमित कसरत ने किशोरावस्था में ही उसके सीने और बाँहों को सुडौल तथा मांसल बना दिया था।

(i) पाठ व लेखक का नाम लिखें ।

(ii) किस आयु में लुट्टन अनाथ हो गया था ?

(iii) लुट्टन ने पहलवानी क्यों शुरू की ?

(iv) बचपन में लुट्टन का पालन-पोषण किसने किया?

(v) नियमित कसरत से लुट्टन के शरीर पर क्या प्रभाव पड़ा?

प्रश्न 11. निम्नलिखित दो अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए- 5

(क) परीक्षा के दिन

(ख) मीठी वाणी - एक औषधि

अथवा

निम्नलिखित क और ख विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में अपनी भावाभिव्यक्ति कीजिए-

(क) निम्नलिखित चित्र को देखकर बताएं कि इस समय इन वृद्ध महिलाओं के मन की क्या स्थिति होगी।



Downloaded from www.cclchapter.com



(ख) आप 16 वर्ष के तरूण है। आप किसी दूसरे व्यक्ति की कार में सफर कर रहे है। अचानक सड़क पर आपके सामने कोई दुर्घटना घट जाती है। आपके सहयोगी द्वारा सहायता करने से मना करने पर आप उस घायल की किस प्रकार सहायता करेंगे। उस स्थिति का 150 शब्दों में वर्णन कीजिए।

प्रश्न 12. 'काव्य खण्ड' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए। 3+2=5

(i) 'विप्लव' 'रव' से छोटे ही हैं शोभा पाते' पंक्ति में विप्लव 'रव' से कवि क्या स्पष्ट करना चाहता है? 3

(ii) 'बगुलों के पंख' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए । 2

प्रश्न 13. 'गद्य खण्ड' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए- 3+2= 5

(i) भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गई? 3

(ii) शिरीष की महिमा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । 2

प्रश्न 14. 'वितान भाग-2' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए- 3+2= 5

(i) 'जूझ' कहानी के आधार पर दत्ता जी राव का चरित्र-चित्रण कीजिए। 3

(ii) मुअनजो-दड़ो के अजायबघर में खुदाई के समय मिली कौन-कौन की चीजें रखी हुई है? 2

प्रश्न 15. "व्याकरण' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए. 3+2= 5

(i) यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 3

(ii) व्यंजन संधि की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

प्रश्न 16. 'नैतिक-शिक्षा पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए 3+2= 5

(i) जगदीश चन्द्र बसु द्वारा विद्युत तरंगों पर किए गए शोध पर प्रकाश डालिए । 3

(ii) लन्दन के इण्डिया हाउस' में मदनलाल ढींगरा की मुलाकात किन-किन भारतीयों से हुई? 2

Downloaded from www.cclchapter.com